नव भारत
1934 से


5 देश में किसी भी चीज की कमी नहीं



6 संघ और रॉ पर बैन की बेतुकी मांग


7 आत्मनिर्भरता और निवेश बढ़ाने पर जोर


8 भारत वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

# सोना खरीदने की जरूरत नहीं : मोदी

## विदेशी मुद्रा बचाने और संकट से निपटने के लिए जनभागीदारी जरूरी

**सोमनाथ, 11 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं. सोमनाथ अमृत महोत्सव के मौके पर वह सोमनाथ पहुंचे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की, और जलाभिषेक किया. इसमें 11 तीर्थों के जल को एक बड़े कलश में रखा गया था. इस कलश को क्रेन के जरिए मंदिर शिखर के ऊपर स्थापित किया गया था.पीएम मोदी ने एक रोड शो किया, जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.**



रविवार को तेलांगाना की जनसभा में अपील करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बड़ोदा में लोगों से अपील की कि पेट्रोल-डीजल की जगह मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें. सोने की खरीद फिलहाल टालें, क्योंकि आयात से विदेशी मुद्रा का भारी नुकसान हो रहा है. मोदी ने खाने के तेल की खपत घटाने पर भी जोर दिया। देश को विदेशी मुद्रा बचाने और संकट से निपटने के लिए जनभागीदारी जरूरी है. उन्होंने कोरोना संकट के समय की तरह मिलकर इस चुनौती से बाहर आने का भरोसा दिलाया. अमृत महोत्सव' में पीएम मोदी इतिहास के इन अहम पलों को याद करते हुए उन्होंने दिखाया गया कि कैसे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत एक वैश्विक ताकत के तौर पर उभरा. सोमनाथ मंदिर में 'कुंभाभिषेक' के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 11 मई को भारत ने पोखरण में तीन परमाणु परीक्षण किए . हमारे वैज्ञानिकों ने दुनिया के सामने देश की ताकत और काबिलियत का प्रदर्शन किया, इससे पूरी दुनिया में हलचल मच गई. पीएम मोदी ने कहा कि सोमनाथ पुनः निर्माण को नेहरू ने रोकने की कोशिश की तुस्टिकरण के चलते। उन्होंने बताया कि दुनिया की बड़ी ताकतों ने हमारी परमाणु ताकत को बहुत गंभीरता से लिया और हम पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध और रोक लगा दीं।

### भारत की स्थिति हो रही मजबूत

प्रधानमंत्री ने परमाणु मिशन को 'ऑपरेशन शक्ति' नाम दिए जाने के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह नाम इस बात का प्रतीक है कि तमाम मुश्किलों के बावजूद भारत का खुद पर भरोसा और उसकी रणनीतिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। खास बात यह है कि 18 मई, 1974 को हुए पोखरण-I परीक्षणों और उसके बाद 11 और 13 मई, 1998 को हुए पोखरण-II परीक्षणों ने भारत को परमाणु-सशस्त्र देशों के चुनिंदा समूह में शामिल कर दिया।

# पेट्रोल-डीजल बचाओ, भारत को आत्मनिर्भर बनाओ : अमित शाह

- गृहमंत्री बोले- यही है ऊर्जा सुरक्षा का असली रोडमैप
- किसानों से नेचुरल फार्मिंग अपनाने की अपील की

**नई दिल्ली, 11 मई. पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल के विवेकपूर्ण उपयोग, गोल्ड खरीद में संयम और नेचुरल फार्मिंग अपनाने की अपील की है. प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय गंभीर आर्थिक और ऊर्जा संकट का सामना कर रही है और भारत को इन चुनौतियों से सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं.**



प्रधानमंत्री की इस अपील को गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया. अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी की सोच दूरदर्शी है और उनका संदेश सिर्फ वर्तमान संकट से निपटने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य के भारत की आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का रोडमैप है. उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के कम इस्तेमाल, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा और रासायनिक खाद छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने से देश आयात पर निर्भरता कम कर सकता है. शाह ने कहा कि भारत यदि ऊर्जा खपत में अनुशासन अपनाता है, तो वह आने वाले वर्षों में दुनिया के सामने एक मजबूत और स्थिर राष्ट्र के रूप में उभर सकता है. बीजेपी नेता अमित मालवीय ने भी प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शक्ति सामूहिक जिम्मेदारी और जागरूक फैसलों से बनती है. उन्होंने कहा कि हर नागरिक का छोटा प्रयास भी देश को बड़े संकट से बचाने में मदद कर सकता है.

> वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण दुनिया भर में ईंधन और गैस की कमी देखी जा रही है. उन्होंने बताया कि कई पड़ोसी देशों में ईंधन की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी हैं. पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 450 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है, लेकिन भारत में प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से ईंधन आपूर्ति सामान्य बनी हुई है.

## एक नजर में




### नीट यूजी पेपर लीक 120 सवाल हूबहू मैच

**नई दिल्ली.** देश की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 एक बार फिर विवादों के घेरे में है. राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रूप ने खुलासा किया है कि परीक्षा से पहले छात्रों के बीच एक गैस पेपर सर्कुलेट हो रहा था। इस कथित पेपर में करीब 410 सवाल थे, जिनमें से 120 सवाल केमिस्ट्री सेक्शन में हूबहू आए। सूत्रों के अनुसार, 720 अंकों के कुल पेपर में से करीब 600 अंक के सवाल छात्रों तक पहले ही पहुंच गए थे. जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यह पेपर केरल के एक युवक से राजस्थान के सीकर तक पहुंचा। इसके बाद यह दस्तावेज करियर काउंसलर और अन्य छात्रों में तेजी से फैल गया. एसओजी ने पिछले चार दिनों में देहरादून, सीकर और झुंझुनूं से कुल 13 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

## गुस्ताखी माफ




## धोखाधड़ी में सातवां आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली, 11 मई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने घर खरीदारों के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की चल रही जांच में सोमवार को मेसर्स सिक्कल बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। मेसर्स सिक्कल बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों पर उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक आवास परियोजना से संबंधित कथित धोखाधड़ी में आरोप पत्र दायर किया गया है। सीबीआई द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि भवन निर्माता कंपनी और उनके निदेशकों ने भोलेभाले घर खरीदारों एवं निवेशकों को झूठे भरोसे, झूठी प्रस्तुतियों एवं झूठे वादों के माध्यम से उनके खिलाफ आपराधिक साजिश रही और बेईमानीपूर्वक उनसे धन प्राप्त किया.

# पंजाब सीएम के भाई ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली, 11 मई. पंजाब की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है. मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान ने भाजपा का दामन थाम लिया. चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और हरियाणा के सीएमनायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया है.**



इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे और उन्होंने नए सदस्य का स्वागत किया।मान परिवार के एक सदस्य के भाजपा में शामिल होने को सियासी गलियारों में मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर में भाजपा की 'बड़ी सेंध' के रूप में देखा जा रहा है. इस घटना ने पंजाब कांग्रेस और आप के बीच सियासी बहस को नया मोड़ दे दिया है.

# कल लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1835 .67 करोड़ रुपए

**सीएम गोटेगांव में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी करेंगे**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 11 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव मे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी करेंगे.**

प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी. यहां बता दें कि वर्ष 2023 जून में शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना में अप्रैल 2026 तक 35 मासिक किस्तों का अंतरण किया जा चुका है. मई 2026 में जारी की जा रही राशि योजना की 36वीं किश्त जारी होगी. जून 2023 से अप्रैल 2026 तक महिलाओं के खातों में कुल 55,926.51 करोड़ रूपये की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से जमा की जा चुकी है. योजना के प्रारंभ में प्रत्येक पात्र महिला को 1,000 रूपये प्रतिमाह प्रदान किए जाते थे. अक्टूबर 2023 में इसे बढ़ाकर 1,250 रूपये प्रतिमाह किया गया. इसके बाद नवंबर 2025 से राशि में पुनः वृद्धि कर इसे 1,500 रूपये प्रतिमाह कर दिया गया।

## ज्वेलर्स, विमान सेवा कंपनियों के शेयर टूटे

**मुंबई, 11 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोगों से सोने की खरीद कम करने और अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने की अपील के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में ज्वेलर्स कंपनियों और विमान सेवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। खास बात यह रही कि बीएसई तथा सेंसेक्स दोनों में सबसे ज्यादा नुकसान ज्वेलर्स कंपनियों ने ही उठाया.बीएसई में कल्याण ज्वेलर्स का शेयर सबसे अधिक टूटा. उसका शेयर 39.20 रुपये (9.23 प्रतिशत) गिरकर 385.45 रुपये पर बंद हुआ। यह पिछले कारोबारी दिवस पर 424.65 रुपये पर रहा था। आज यह ऊपर 410 रुपये और नीचे 382.20 रुपये तक गया. तनिष्क ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली टाटा समूह की कंपनी टाइटन ने सेंसेक्स में सबसे अधिक 6.83 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# प्रदेश में बंद आरटीओ के चेक पोस्ट पुन : प्रारंभ करने पर रोक

**जबलपुर, 11 मई .** प्रदेश में बंद आरटीओ के चैक पोस्ट पुनः चालू किये जाने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में रिव्यू याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने रिव्यू याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व में पारित आदेश पर रोक लगा दी है.

गौरतलब है कि सतना निवासी रजनीश त्रिपाठी की तरफ से वाहनों की ओवरलोडिंग और बढ़ते सड़क हादसों के संबंध में वर्ष 2006 में एक जनहित याचिका दायर की गई थी. याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार ने अंडरटेकिंग दी थी वह ओवर लोडिग रोकने के लिए चेक पोस्टों का संचालन जारी रखेगी. हाईकोर्ट ने जनवरी 2023 को याचिका का निराकरण का दिया था. एक साल बाद सरकार द्वारा चैक पोस्ट बंद किये जाने के खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी. जिसकी सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल को जारी अपने आदेश में तीस दिनों में चेक पोस्ट खोले जाने के आदेश जारी किये थे.




**असम विजय** | दिल्ली के विजन और असम के क्रियान्वयन के सटीक तालमेल का है परिणाम

# सिंधिया के 'आर्थिक और ढांचागत मॉडल' की भूमिका

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली,11 मई.** असम में भाजपा-राजग की लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक सत्ता वापसी दरअसल दिल्ली के विजन और असम के क्रियान्वयन के सटीक तालमेल का परिणाम है. जहां एक तरफ मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के जमीनी राजनीतिक कौशल ने उन्हें विजयी बनाने में मदद की, वहीं दूसरी ओर इस महाविजय की पृष्ठभूमि तैयार करने में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 'आर्थिक और ढांचागत नीति मॉडल' की भूमिका बेहद निर्णायक रही है.



राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि असम विजय की पटकथा बहुत पहले से लिखी जाने लगी थी. क्योंकि सिंधिया ने संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय संभालने के साथ ही पूर्वोत्तर भारत को देश का नया ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य आरंभ किए जिसके कारण पूर्वोत्तर के आठ राज्यों (अष्टलक्ष्मी) की विकास दर देश की औसत वृद्धि से अधिक 10 से 13 फीसदी तक पहुंच गई है. वैसे भी पारंपरिक तौर पर असम को भौगोलिक रूप से कटा हुआ माना जाता था. लेकिन सिंधिया ने अपनी दूरगामी रणनीति के तहत इस धारणा को बदला. मई 2025 में आयोजित 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' में लगभग साढ़े चार लाख करोड़ के रिकार्ड निवेश प्रस्ताव हासिल कर सिंधिया ने असम के युवाओं को यह भरोसा दिलाया कि रोजगार के लिए अब उन्हें दक्षिण या पश्चिम भारत की ओर पलायन करने की आवश्यकता नहीं है.

इस आर्थिक भरोसे ने विपक्ष के बेरोजगारी के एजेंडे को पूरी तरह निष्प्रभावी कर दिया. इतना ही नहीं विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, नवंबर 2025 में सिंधिया द्वारा असम को दिए गए छह सौ करोड़ से ज्यादा के विकास पैकेज ने सीधे ग्रामीण मतदाताओं को प्रभावित किया.